भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2877
28 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात निगम लिमिटेड (सेल) के बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा विक्रयशील इस्पात उत्पादन

2877. श्री धीरज प्रसाद साहू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान भारतीय इस्पात निगम लिमिटेड (सेल) के बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा कितनी मात्रा में विक्रयशील इस्पात का उत्पादन किया गया है और तैयार तथा द्वितीयक उत्पादों की बिक्री का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कितने टन द्वितीयक उत्पादों की बिक्री हुई है; और

(ग) द्वितीयक उत्पादों की बिक्री के लिए भारतीय इस्पात निगम लिमिटेड (सेल) के बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): विगत तीन वर्षों के दौरान सेल के बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा उत्पादित बिक्री योग्य इस्पात की मात्रा और तैयार एवं द्वितीयक उत्पादों की बिक्री का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(इकाई: हजार टन)

वित्त वर्ष	**उत्पादित**	**बिक्री**	
	बिक्री योग्य इस्पात	**तैयार इस्पात**	**द्वितीयक इस्पात उत्पाद**
2018-19	3626	3333	162
2019-20	3389	3198	127
2020-21	3241	3297	146

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान बिक्री किए गए द्वितीयक इस्पात उत्पादों की टन मात्रा निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**द्वितीयक इस्पात उत्पाद (हजार टन)**
2018-19	162
2019-20	127
2020-21	146

(ग): द्वितीयक इस्पात उत्पादों की बिक्री के लिए सेल के बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संचालित ऑनलाइन फॉरवर्ड ऑक्सन (ओएलएफए) के माध्यम से है।

****